Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6449	03.12.2021	03.12.2021	Jaipur Rajasthan	www.aajtak.in/Hindi https://www.aajtak.in/india/rajasthan/story/omicron-update-jaipur-four-member-of-a-family-returned-from-south-africa-infected-with-corona-ntc-1366974-2021-12-03
Title:	**Four member of a family returned from South Africa infected with Coronavirus in district Jaipur, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Jaipur, SSU – Rajasthan			

जयपुर: ओमिक्रॉन की दस्तक के बीच दक्षिण अफ्रीका से लौटे एक ही परिवार के 4 लोग कोरोना पॉजिटिव

कोरोना के नए वेरिएंटएं ओमिक्रॉन ने दुनियाभर की चिंता बढ़ा दी है. भारत में भी ओमिक्रॉन के दो केस सामने आए हैं. इसी बीच राजस्थान के जयपुर में दक्षिण अफ्रीका से लौटे परिवार के चार सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं.

बताया जा रहा है कि परिवार के 9 लोग 25 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका से लौटे थे. परिवार के सदस्यों में से माता-पिता और उनकी 8 साल और 15 साल की दो बेटियां संक्रमित पाई गई हैं. सबसे बड़ी चिंता की ये बात है कि इन लोगों के संपर्क में आए 12 लोगों में से 5 सदस्य भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं.

जीनोम सीक्वेंसिंग कराई गई

ओमिक्रॉन का पहला केस दक्षिण अफ्रीका में मिला था. ऐसे में ओमिक्रॉन को देखते हुए सभी को आइसोलेशन में रखा गया है. सभी की जीनोम सीक्वेंसिंग करवाई गई है. हालांकि, अभी रिपोर्ट नहीं आई है. रिपोर्ट

आनेके बाद ही पुष्टि हो पाएगी, कि कोरोना के कौन सेवेरिएंटएं से संक्रमित हैं. हालांकि, सभी वयस्कों को वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं और किसी भी सदस्य में कोई लक्षण नहीं है.

भारत में ओमिक्रॉन के दो केस मिले

भारत में भी शुक्रवार को ओमिक्रॉन की दस्तक हो गई है. कर्नाटक मेंओमिक्रॉन के दो केस मिले हैं. इनमें से एक 66 साल के बुजुर्गहाल ही में दक्षिण अफ्रीका से लौटे हैं जबकि दूसरा शख्स एक स्वास्थ्यकर्मी है. हालांकि दोनों को कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं.

बता दें कि अब तक 29 देशों में ओमिक्रॉन वैरिएंटएं से संक्रमित मरीजों की पहचान हो चुकी है और WHO नेइ से वैरिएंटएं ऑफ कंसर्नकी कैटेगरी में रखा है. सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका मेंइस वैरिएंटएं से संक्रमित मरीज की पहचान की गई थी.

दिल्ली एयरपोर्ट पर 6 लोग संक्रमित मिले

इससे पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर भी शुक्रवार को 6 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं. दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुगुवार को कुल 3000 इंटरनेशनल यात्री लैंड किए थे. अब उनमें से 6 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. इनके सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं.